भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 14/07/2024........ की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

संलग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima 15/07/2024
( सहायक निदेशक)

उपनिदेशक 15/07/2024

निदेशक (बा.पू.प्र. )

हिन्दुस्तान 14/07/24

हिन्दुस्तान | www.livehindustan.com अपन

बिहार के रोहतास जिले की घटना, वन विभाग की टीम ने रस्सी से रेस्क्यू किया

# झरने में फंसे छह सैलानी बचाए

मौसम की मार

तिलौथू, हिन्दुस्तान टीम। रोहतास जिले के तुतला भवानी धाम स्थित पहाड़ी पर शुक्रवार शाम जलप्रपात की तेज धारा के बीच छह सैलानी फंस गए। इस दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। सैलानियों की जान सांसत में अटकी रही। हालांकि फंसे छह सैलानियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

भारी वर्षा की वजह से शुक्रवार को जलप्रपात में पानी की धार तेज हो गई थी। इससे वहां नदी ने रौद्र रूप ले लिया। कुछ सैलानी वहां पिकनिक मनाने गए थे। उसमें से छह सैलानी पानी में फंस गए। मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम ने रस्सी का सहारा लेकर सभी फंसे सैलानियों को सुरक्षित बाहर निकाला। वन पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जो सैलानी फंसे थे, वे इधर-उधर पत्थरों पर बैठे हुए थे। इसी बीच जलप्रपात से तेजी से पानी गिरने लगा। सूचना मिलते ही तुरंत ही सभी का रेस्क्यू किया गया।



रोहतास में शनिवार को तुतला भवानी धाम स्थित पहाड़ी पर जलप्रपात की धारा में फंसे सैलानियों को सुरक्षित निकाला गया। ● हिन्दुस्तान

## यूपी: बाढ़ का खतरा बढ़ा, राप्ती-गंगा उफान पर

लखनऊ। नेपाल के बैराजों से लगातार पानी छोड़े जाने और भारी बारिश से पूर्वांचल में राप्ती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर के बांसी, गोरखपुर के रिगोली व बर्डघाट पर राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। बांसी, रिगोली व बर्डघाट में राप्ती खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## असम: जलस्तर घटा, स्थिति अब भी गंभीर

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर घटने लगा है। गुवाहाटी स्थित भारत मौसम विभाग के ने बताया कि असम के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कोकराझार जिले के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

## महाराष्ट्र: बारिश का रेड अलर्ट

मुंबई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को रायगढ़ और रत्नागिरी के तटीय जिलों और कोल्हापुर तथा सतारा के लिए रेड अलर्ट जारी किया और 14 जुलाई को भारी बारिश होने की चेतावनी दी। रविवार को ठाणे और मुंबई में में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

## हिमाचल: 15 सड़कें बंद

शिमला। राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने से राज्य में 15 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम से बैजनाथ में 32 मिलीमीटर, धर्मशाला में 22.6 मिमी, मनाली में 20 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले छह दिनों के लिए आरेंज अलर्ट जारी कर आंधी और वज्रपात की चेतावनी दी है।

THE TRIBUNE 14/07/24



Flooded Tutla Bhawani waterfall after heavy rainfall in Rohtas of Bihar on Saturday. PTI

# Over 750 UP villages hit, rivers in spate

LUCKNOW, JULY 13

More than 750 villages in Uttar Pradesh were affected by flood as rivers continued to be in spate while eight persons died in rain-related incidents in a 24-hour period till Saturday evening, officials in the state's Relief Department said.

The state recorded an average of 7.4 mm rainfall in the period, they said.

Seven persons drowned, while one person died after being hit by lightning in the 24-hour period till Saturday evening, the officials said.

The department said rain had led to a rise in the water levels of several rivers, resulting in flooding of 776 villages in 17 districts.

The flooding has led to displacement of over 3.90 lakh people. The state government has set up 996 flood shelters to assist those affected by floods. Further, 1,15,09 domestic cattle have also been affected by the rise in water levels.

"Teams of the NDRF and the SDRF are coordinating with the local administration to mitigate flood-related issues in the affected areas. We have set up flood relief camps for the affected people," said State Relief Commissioner Naveen Kumar. — PTI